# Mona Modern Hr. Sec. School
# Sarangarh
# (Summer Homework 2026-27)

श्रीमान् अभिभावक महोदय,

दिनांक 20 अप्रैल से स्टूडेंट्स की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां प्रारंभ हो रही हैं। उक्त छुट्टियां 15 जून तक चलेंगी। छुट्टी का अर्थ कुछ ना करना नहीं होता अपितु अपनी क्षमता, कौशल, आत्मविश्वास व ज्ञान को और अधिक बढ़ाना होता है। छुट्टी के समय का सदुपयोग कर छात्र-छात्रा अपनी शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धि को और अधिक संपन्न कर सकतें हैं। अभिभावक के रूप में हमारा यह कर्तव्य बनता है कि छुट्टी के समय में हम बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और रचनात्मक कार्यों में उन्हें सहभागी बनाकर उन्हें आत्मविश्वासी बनाएं। यहां कुछ प्रोजेक्ट वर्क दिए जा रहे हैं जिन्हें स्टूडेंट्स को अपनी पुरानी कॉपी से पेज निकालकर प्रोजेक्ट फाइल बनाना है एवं ग्रीष्मकालीन होमवर्क जो कि प्रत्येक विषय में दिए गए हैं, उन्हें करना है। साथ ही कुछ लाईफ स्किल के प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं उन्हें भी उसी प्रोजेक्ट फाइल में करना है।

अभिभावकों से आग्रह है कि बच्चों को प्रोजेक्ट कार्य करने दें। अभिभावक का दायित्व उन्हें सहयोग करना है ना कि पूरा प्रोजेक्ट स्वयं बनाना सर्वप्रथम लाईफ स्किल के प्रोजेक्ट कार्य को करना एवं लिखना है उसके पश्चात विषयवार प्रोजेक्ट करना है। आशा है कि सभी स्टूडेंट्स गंभीरता से प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करेंगे।

धन्यवाद !

**प्राचार्य**
(आर. केशरवानी)

## Life Skill Project :-

1. एक News कॉपी बनाना है एवं Daily देश-विदेश की घटना को बिंदुवार लिखते जाना है। रोजाना कम से कम 10 बिंदु लिखने की आदत डालें। (Class 3 to 12)

2. एक पेज में Table बनाएं (Class 3 to 12)
( Columns Title को देखने हेतु Right to Left Scroll करें)

| S.N. | Date | Temperature | Time |
|---|---|---|---|
| | | | |

प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे और रात 8:00 बजे के तापमान को लिखना है।

3. घर की छत/खिड़की आदि में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना है एवं रिकॉर्ड करना है कि कितने (लगभग ) पक्षी इसका लाभ उठा रहे हैं।

4. अपने दैनिक खान-पान का चार्ट बनाना –
( Columns Title को देखने हेतु Right to Left Scroll करें)

| S.N. | Breakfast | Lunch | Dinnar |
|---|---|---|---|
| | | | |

5. घर में किचन गार्डन बनाना है। घर में अपने बड़ों की मदद से जमीन या अनेक गमलों में सब्जी हेतु प्रयुक्त होने वाले कुछ पौधे जैसे कि बैगन, धनिया, पुदीना, आलू,प्याज आदि को विकसित करना है एवं रोजाना पौधौं में होने वाले परिवर्तन को अपने शब्दों में लिखना है। (Class 1 to 12)

6. घर में एक बड़े चार्ट पेपर या पेज में अपने परिवार का Family Tree तैयार करना Family Tree में जितना संभव हो सके अपने पूर्वजों के समय काल को जानना है Family Tree बनाने के पश्चात् अपने पूर्वज के समय काल को भारत के इतिहास के साथ जोड़कर उस समय घटित ऐतिहासिक घटना के सन्दर्भ में संक्षिप्त जानकारी लिखना है। जैसे- किन्ही के किसी पूर्वज का जन्म 1857 और मृत्यु 1922 है, तो लिखना है-

1857 – भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

1922 – 04 Feb 1922 चौरी–चौरा कांड

(इस तरह इतिहास की घटना काल को लिखते जाना है।)

7. Daily 1 पेज इंग्लिश और 1 पेज हिंदी लिखना है। (Class 1 to 12)

8. Daily अपने Class के Level का 10 Maths बनाना है। (Nursery to 12 )

**9.** घर के समस्त छोटे–छोटे कार्य जैसे कि पौधौ को पानी देना, चाय बनाना, सब्जी लाना इत्यादि कार्य करना (Nursery to 12 क्षमता अनुसार)

10.घर या आस–पास में जितने प्रकार के Plants उपलब्ध है उनकी पत्तियों को एक पेज में चिपकाना एवं उस Plant के बारे में जानकारी लिखना। (Class 1 to 12 Level अनुसार)

11. अपनी रूचि अनुसार कुछ कार्य करना जैसे कि ड्राईंग, स्केच, क्रॉफ्ट, सिलाई, ग्रीटिंग कार्ड डिज़ाईन इत्यादि।

12. Daily इंग्लिश के 10 नये शब्द का अर्थ लिखना, याद करना एवं उसे Use करना।

13.प्रत्येक विषय के 2-2 Topic को लेकर Presentation बनाना है जो कि कम से कम 5 मिनट का होना चाहिए। Presentation Ready होने के पश्चात् उसका Video बनाना है। (Class 3 to 12 )

14. Class के अनुसार Table याद करना जैसे –

i. Class Nursery – UKG – 2, 3 तक का

ii. Class 1 to 5 – 10 तक का

iii . Class 6 to 12 – 20 तक का

आशा है सभी स्टूडेंट्स समर होमवर्क को गंभीरता से पूर्ण करेंगे।

प्राचार्य

(आर. केशरवानी)

# Class 11

Sub. Hindi

1 प्राकृतिक उपमानों को लेकर स्वरचित कविता लिखिए।

2 जीवन को प्रेरित करने वाली शिक्षाप्रद कहानी लिखिए

3 20 अप्रैल से लेकर 20 जून तक की दिनचर्या को डायरी में लिखिए।

4 संवाद लेखन लिखिए गांव के विकास के लिए पंच और सरपंच के बीच।

प्रश्न 5  निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

राष्ट्र केवल जमीन का टुकड़ा ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती है। जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं- हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी, होती है। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या सम्प्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक हैं। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी सवतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है, तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त हैं- देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गाँधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किन्तु वे अपने निश्चय में अटल रहें। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

जब-जब भारत में फुट पड़ी तब-तब विदेशियों ने शासन किया। चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत-तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का अवश्य प्रयत्न करेगा। आज, देश में अनेक प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं। कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को
निकाला जा रहा है। जिसका परिणाम हमारे सामने है। आदमी अपने अहं में सिमटता जा रहा है। फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा है।

प्रश्न - (i) 'स्व' से क्या तात्पर्य हैं, उसे मिटाना क्यों आवश्यक हैं ?

(ii) आशय स्पष्ट कीजिए - "राष्ट्र केवल जमीन
का दुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है।"

(iii) राष्ट्रीयता से लेखक का क्या आशय हैं? गद्यांश में चर्चित दो राष्ट्रभक्तों के नाम लिखिए।
(iv) राष्ट्रीय-बोध का अभाव किन-किन रूपों में दिखाई देता है?
(v) राष्ट्र के उत्थान में व्यक्ति का क्या स्थान है ?
उदाहरण सहित लिखिए।
(vi) व्यक्तिगत स्वार्थ एवं राष्ट्रीय भावना परस्पर
विरोधी तत्व हैं। कैसे?
(vii) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
प्रश्न 5भक्ति काल को कितने भागों में बांटा गया है?
प्रश्न 6सगुण काव्य धारा को समझाते हुए प्रमुख कवि और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।
प्रश्न 7 ज्ञानमार्गी एवं प्रेममार्गी शाखा की विशेषता बताते हुए प्रमुख कवि एवं उनकी रचनाओं के नाम बताइए?
प्रश्न 8आपकी एक लाख की लॉटरी निकली है अपनी इस जीत की खुशी को अपने मित्र को साझा करती हुई एक पत्र लिखिए जिसमें यह भी उल्लेख हो कि उन पैसों से आप क्या करना चाहते हैं।
प्रश्न 9डाक तार  वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई उसके संबंध में अधीक्षक डाक तार विभाग को शिकायती पत्र लिखिए।
प्रश्न 10" बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" पर एक अनुच्छेद
लिखिए
प्रश्न 11 सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों को बताते हुए एक अनुच्छेद लिखिए।

प्रश्न 12 समय के महत्व के विषय में पिता पुत्र के मध्य संवाद लिखिए
प्रश्न 13आत्मक और ईक प्रयत्य से और अनु परि उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।
प्रश्न 14 समास के प्रकार को उदाहरण देकर समझाइए?
प्रश्न 15 पर्यायवाची लिखो कोईदो
सागर आंख गणेश कमल कश्ती
प्रश्न 16 निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए
अंहकार, सुरेन्द्र, महोदय सदैवं,यशोगान, सूर्यास्त,कवींद्र
प्रश्न 17निम्नलिखित श्रुति समभिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखिए -
(क) तरणि - तरनि,  (ख) दिन- दीन  (ग)मैल -मेल
(घ) कुल-कूल (ङ) जलज-जलद।

Class 11th English

1. The three phases of the author's relationship with his grond mother before he left the country to study abroad?
2. Theree reasons why the author's grandmother was disturbed when he started going to city school?
3. Three ways in which the author's grandmother spent her days after he grew up.
4. The odd way in which the author's grandmother behaved Just before she died.
5. The way in which the sparrows expressed their sorrad when the author's grandmother died.
6. The author's grandmother was a religious person. whet are the different ways in which we come to know this?
7. Discribe the changing relationship between the author as his grandmother. Did their feelings for each other change
8. Would you agree that the author's grandmother was 9 person strong in character?
9. Which language do you thinle the author and his grandmother used while talking to cach other
10. Which Language do you use to talk to elderly relatives in your family?
11. How would you say dilapidated drum in your own language
12. Remember a letter to father.13.  Remember letter to mother.
14.Remember a letter to friends.
15.Remember a letter to collector.
16.Notice about "Blood Donation"
17.Notice about Dance Competition"
18. Notice about Annual fonction."

19. "Pollution problem in India
20. Remember and learn Tense formula and make a chart paper of it.

Holiday Homework – Class 11th Maths
(समुच्चय)
प्र.1 दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली 5 उदाहरण लिखो।

प्रश्न 2. अपने नाम के अक्षर की रोस्टर रूप में लिखो।
प्र.3 यदि A और B दो श्रेणी समुच्चय हैं, तो $n(A) = 38$, $n(B) = 42$ तथा $n(A \cup B) = 60$, तो $n(A \cap B)$ ज्ञात करो।
प्र.4 समुच्चय के गुणधर्म से सिद्ध करो - $A \cup (A \cap B) = A$
प्र.5 यदि $A = \{x : x = 3^n, n \leq 6, n \in N\}$ $B = \{x : x = 9^n, n \leq 4, n \in N\}$ ग्यात करो:
(i) $A \cup B$
(ii) $A \cap B$
प्र.6 $A \cup B$ ज्ञात करो - $A = \{1, 2, 8\}$, $B = \{2, 3, 11, 15\}$
प्र.7 निम्न समुच्चय में से कौन परिमित और कौन अपरिमित है - (i) X अक्ष के समान्तर रेखाओं का समुच्चय (ii) त्रिभुज वर्गमाला के अक्षरों का समुच्चय (iii) उन संख्याओं का समुच्चय जो 5 के गुणज हैं
प्र.8 समुच्चय क्या है? उल्लेख पूर्वक वर्गीकृत करें।
प्र.9 निम्न समुच्चयों को समुच्चय विन्यस्त रूप में लिखिए - 5, 25, 125, 625 {2, 4, 8} {4, 5, 2, 7, 8} प्र.(ii) शब्द 'PROBABILITY' से सभी अक्षरों का समुच्चय
प्र.10 निम्नलिखित समुच्चयों के सभी अवयवों को सूचीबद्ध करो - (i) $A = \{x : x^2 \leq 10, x \in Z\}$ (ii) $D = \{x :$ x पूर्णांक है तथा $-3 \leq x \leq 7\}$
प्र.11 निम्नलिखित समुच्चय को roster रूप में लिखो - (i) $\{x :$ x एक पूर्णांक है तथा $x^2 + x - 2 = 0\}$ (ii) $\{x : x \in N$ तथा $x^2 < 40\}$ (iii) $\{x :$ x एक धन पूर्णांक है तथा $x^2 < 40\}$
प्र.12 निम्नलिखित समुच्चयों के सभी उपसमुच्चय और घात समुच्चय लिखिए - (i) {-1, 0, 1} (ii) {a, b}
प्र.13 माना $A = \{\Phi, \{\Phi\}, 1, \{1, \Phi\}, 2\}$, निम्नलिखित में कौन सत्य है - (i) $\Phi \in A$ (ii) $\{1\} \in A$ (iii) $\{2, \Phi\} \subset A$
प्र.14 Subset, Superset, Proper सेट क्या है समझाओ।
प्र.15 विद्यार्थियों के एक समूह में 100 विद्यार्थी हिन्दी, 50 विद्यार्थी अंग्रेजी तथा 25 विद्यार्थी दोनों भाषाओं को जानते हैं। विद्यार्थियों में से प्रत्येक को कम से कम एक भाषा ज्ञात है। समूह में कुल विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात करो।
Fundamental Questions
Que 1. समुच्चय क्या है? 5 उदाहरण लिखिए।
Que 2. परिमित व अपरिमित समुच्चय के उदाहरण सहित समझाइए।
Que 3. वितरक नियम को लिखें और स्पष्ट करें।
Que 4. डी मॉर्गन का नियम लिखिए।
Que 5. समुच्चय निरूपण के दोनो विधियों के उदाहरण सहित समझाइए।

Subject- Physics

1.भौतिकी को विज्ञान की अन्य शाखाओं से कैसे अलग किया जा सकता है?

2. SI मात्रक प्रणाली की 5 विशेषताएँ लिखिए।

3. आधारभूत मात्रक और व्युत्पन्न मात्रक में अंतर दीजिए।

4. भौतिक परिमाण के आयाम क्या होते हैं? एक उदाहरण सहित समझाइए।

5. आयामी सूत्र के उपयोगों को लिखिए।

6. मापन में होने वाली त्रुटियाँ कितने प्रकार की होती हैं? समझाइए।

7.द्रव्यमान मापन की दो विधियाँ बताइए।

8.किसी घातांकीय परिमाण (logarithmic quantity) की त्रुटि कैसे ज्ञात करते हैं?

9.संख्यात्मक प्रश्न (Numerical Questions):
यदि किसी वस्तु की लंबाई को तीन बार मापा गया और मान आए: 3.42 m, 3.48 m, 3.50 m, तो
(a) औसत लंबाई ज्ञात कीजिए
(b) परास (range)
(c) सापेक्ष त्रुटि (relative error)

10. किसी वस्तु की द्रव्यमान 5.6 kg है और उसके आयतन का मान 2.8 $m^3$ है। उसका घनत्व (density) ज्ञात कीजिए और उसका आयामी सूत्र लिखिए।

11. एक वस्तु 5.0 m/s की चाल से चल रही है। समय 3.5 s के लिए वह कितनी दूरी तय करेगी?

12. यदि बल (F) = mass (m) × acceleration (a) हो, तो बल का आयामी सूत्र ज्ञात कीजिए।

13. दूरी की माप में 0.1% की त्रुटि और समय की माप में 0.2% की त्रुटि है, तो चाल (speed) में कुल प्रतिशत त्रुटि ज्ञात कीजिए।

14. यदि कोई वस्तु 20.0 m/s की चाल से चल रही है और 5.0 s में रुक जाती है, तो उसके मंदन (retardation) की गणना कीजिए।

15. यदि किसी रॉड की वास्तविक लंबाई 100.0 cm है और मापी गई लंबाई 99.2 cm है, तो सापेक्ष त्रुटि और प्रतिशत त्रुटि निकालिए।

Fundamental Qu.

Qu.16 अवकलन तथा समाकलन के सूत्रों को याद कीजिए।

Qu.17 कोई 10 सादिश राशियां लिखकर मात्रक बताइए।

Qu.18 न्यूटन के गति के तीनों नियमों को लिखकर याद कीजिए।

Qu.19 गति के तीनों समीकरणों को लिखकर याद कीजिए।

Qu.20 कोई 5 प्रौद्योगिक उपलब्धियां और उनके वैज्ञानिक नियम बताइए।

Sub - Bio

Q1. सजीव और निर्जीव में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

Q2. सजीव के मुख्य 8 लक्षण को बताइए?

Q3. द्विनाम नामकरण पद्धति क्या होता है ? यह किसके द्वारा दिया गया था?

Q4. पांच जगत वर्गीकरण को बताइए?

Q5. Monera और protista में अंतर को उदाहरण सहित बताइए?

Q6. हरबेरियम क्या होता है? इसकी प्रक्रिया को बताइए?

Q7. म्यूजियम किसे कहते है ? विभिन्न musium के नाम बताइए?

Q8. Animal के विभिन्न लक्षणों को बताइए?

Q9. Bacteria और cyanobacteria में अंतर
बताइए?

Q10. जैविक वर्गीकरण किसे कहते है? अरस्तू के वर्गाकरण को बताइए?

Q11. त्रिनाम नामकरण पद्धति को किसने दिया था और इसमें कौन कौन से जगत शामिल किए गए थे?

Q12. थ्रियोप्रस्टस कौन थे ?

Q13. कवक और शैवाल में अंतर बताइए?

Q14.पादप जगत के विभिन्न लक्षणों को बताइए?

Q15. जैविक वर्गीकरण के जनक कौन है?

Fundamental questions

1.Bacteria का नामांकित चित्र बनाइए?
2.सजीव व निर्जीव जीव का नामांकित चित्र बनाइए?
3.विभिन्न जीव और पादप का वैज्ञानिक नाम चार्ट पेपर में प्रदर्शित कीजिए?
4.जीव जगत वर्गीकरण के जीवों को चार्ट पेपर में बताइए?
5.Virus का नामांकित चित्र बनाइए?

Subject - chemistry

1. रसायन विज्ञान क्या है? इसकी शाखाओं का वर्णन कीजिए।
2. द्रव्यमान (Mass) और भार (Weight) में क्या अंतर है?
3. 50 ग्राम $CO_2$ प्राप्त करने के लिए कितना ग्राम कार्बन चाहिए ?
4. अणु भार (Molecular Mass) और सूत्र भार (Formula Mass) में अंतर बताइए।
5. मोल की परिभाषा दीजिए। एक मोल में कितने कण होते हैं?
6. गैसों के लिए मोल मात्रा का प्रयोग कैसे किया जाता है?
7. डाल्टन के परमाणु सिद्धांत क्या है ?
8. रासायनिक समीकरण को संतुलित करने के नियम क्या हैं?
9. प्रतिशत संघटन (Percentage Composition) कैसे ज्ञात करते हैं?
10. सीमांत अभिकारक (Limiting Reagent) क्या होता है?
11. परावर्ती (Empirical) तथा आणविक (Molecular) सूत्र में क्या अंतर है?
12. आधुनिक परमाणु धारणा को समझाइए ।
13. आधारभूत राशि क्या है ? समझाइए।
14. रसायन विज्ञान के कार्य क्षेत्र लिखिए ।
15. द्रव्यमान संरक्षण का नियम समझाइए और उदाहरण सहित समझाइए।

Fundamental questions

1. परमाणु संरचना का चित्र (Structure of Atom):
Instructions: - एक वृत्त जिसमें केंद्र में nucleus (प्रोटॉन और न्यूट्रॉन) हो और उसके चारों ओर इलेक्ट्रॉनों की shells/orbits दर्शाई गई हों।

2. आवर्त सारणी (Periodic Table):
Instructions : तत्वों का व्यवस्थित तालिका-आकार का चित्र, जिसमें क्षैतिज पंक्तियाँ Periods और ऊर्ध्वाधर स्तंभ Groups कहलाते हैं।
3 यौगिक और मिश्रण का तुलना चित्र (Compound vs Mixture):
Instructions
4. दो अलग-अलग डिब्बों का चित्र:
Compound: A और B के atoms आपस में chemically जुड़े हुए।

Mixture: A और B के atoms साथ तो हैं लेकिन बिना chemical bond के।
5. pH  scale .

Summer Holiday Home work 2025-26
Class 11th Com.
Subject - BST (2026-27)

1 आर्थिक क्रियाएं किसे कहा जाता है
2 अनार्थिक क्रियाएं किसे कहा जाता है
3 आर्थिक एवं अनार्थिक क्रियाओं में अंतर लिखिए
4 व्यवसाय की विशेषताएं लिखिए
5 पेशा से क्या समझते हैं
6 व्यवसाय के उद्देश्य लिखिए
7 उद्योगों के प्रकार को विस्तार पूर्वक लिखिए
8 उद्योगों का महत्व लिखिए
9 वाणिज्य की विशेषताएं लिखिए
10 वाणिज्य का महत्व लिखिए
11 व्यावसायिक जोखिम को समझाइए
12 व्यावसायिक जोखिम उत्पन्न होने के कारणों को लिखिए
13 जाननिक उद्योग को उदाहरण सहित समझाइए
14 निष्कर्षण उद्योग को उदाहरण सहित समझाइए
15 जोखिम के प्रकारों का वर्णन कीजिए

Subject - Accountancy (2026-27)

1 लेखांकन किसे कहते हैं
2 वित्तीय लेखांकन से क्या समझते हैं
3 दोहरा लेखा प्रणाली को समझाइए
4 लेखांकन के मुख्य उद्देश्य कौन-कौन से हैं
5 लेखांकन के सामान्य उद्देश्य कौन-कौन से हैं
6 लेखांकन के कार्य लिखिए
7 लेखांकन से व्यापारियों को क्या-क्या लाभ होते हैं
8 लेखांकन की सीमाए या दोष कौन-कौन सी है
9 स्थाई संपत्ति को उदाहरण सहित समझाइए

10 चालू संपत्ति को उदाहरण सहित समझाइए
11 व्यापारिक बट्टा को समझाइए
12 नगद बट्टा को समझाइए
13 व्यावसायिक बट्टा एवं नगद बट्टा में अंतर लिखिए
14 पूंजीगत एवं आगमगत को समझाइए
15 आहरण किसे कहते है

Sub Economics (2026-27)

Life skill Question
1. महंगाई बढ़ने पर उपभोक्ता अपने खर्चों में क्या बदलाव करेंगे?
2. अगर आपकी आई सीमित है ,आप अधिकतम संतुष्टि कैसे प्राप्त करेंगे?
3. क्या सरकार का हमेशा सब्सिडी देना सही है। आपने अनुभवों को व्यक्त करे।
4. यदि पेट्रोल की कीमत बढ़ जाए तो ,आप अपनी यात्रा योजना में क्या बदलाव करेंगे।
5. त्योहारों में कपड़ों की कीमत बढ़ जाती है, फिर भी बिक्री बढ़ती है। क्यों?6. एडम स्मिथ की परिभाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।
6. प्रो. मार्शल की परिभाषा के कोई दो दोष लिखिए।
7. प्रो. रॉबिन्स ने अर्थशास्त्र को किस प्रकार परिभाषित किया है?
8. प्रो. जे. के. मेहता की परिभाषा की विशेषवाएँ लिखिए।
9. प्रो. मार्शल एवं रॉबिन्स की परिभाषा में कोई तीन समानताएँ लिखिए।
10. प्रो. मार्शल एवं रॉबिन्स की परिभाषा में कोई तीन अंतर अथवा असमानताएँ बताइए।
11. अर्थशास्त्र के अध्ययन की सीमाएँ क्या हैं ?
12. आर्थिक क्रिया का उदाहरण दीजिए।
13. "अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है।" इस कथन की विवेचना कीजिए।
14. "अर्थशास्त्र भौतिक कल्याण का शास्त्र है।" समझाइए।
15. "अर्थशास्त्र दुर्लभता या सीमितता का विज्ञान है।" समझाइए।

ummer holidays work
Class - 11th (Agri)
Subject -Crop Production

1. कृषि की परिभाषा लिखिए।2. कृषि प्रणाली की परिभाषा दीजिए एवं कृषि प्रणाली के प्रकारों को समझाइए।
3. व्यक्तिगत खेती एवं पूंजीवादी खेती में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. सहकारी प्रणाली की परिभाषा दीजिए एवं इसके प्रकारों का नाम लिखिए।
5. भारतीय कृषि के विकास का वर्णन कीजिए।
6. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व बताइए।
7. सामूहिक कृषि प्रणालियां का वर्णन कीजिए।

8. पूंजीवादी खेती किसे कहते हैं?
9. निम्न संक्षिप्त नाम के पूर्ण रूप लिखिए

ICAR
IARI
IRRI
NDRI

10. किन्ही दो राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान केंद्रों के नाम लिखिए।
11. भारत के विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थान के नाम लिखिए ।
12. मृदा से क्या समझते हैं? मृदा की परिभाषा लिखिए।
13. मृदा के भौतिक गुण धर्म को लिखिए।
14. मृदा में पाए जाने वाले मुख्य पदार्थों के नाम लिखिए।

15. मृदा जल क्या है ?यह कितने प्रकार का होता है?
16. मृदा नमूना संकट करते समय ध्यान दिए जाने वाले योग्य बातें लिखिए।
17. छत्तीसगढ़ की प्रमुख नेताओं का वर्गीकरण जलवायु के आधार पर कीजिए।
18. पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक पोषक तत्व कौन-कौन से हैं?
19. मृदा विन्यास से आप क्या समझते हैं? प्रकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
20. मृदा परीक्षण के संबंध में निम्न जानकारी दीजिए-

(1) उद्देश्य (2)नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि (3)नमूना लेने में सावधानी (4)नमूने का परीक्षण।

Class-11th Agri
Subject -Animal husbandry

1. पशुपालन की परिभाषा दीजिए?
2. गाय की बाह्य संरचना को नामांकित कीजिए।
3. बैल की बाह्य संरचना को नामांकित कीजिए।
4. गाय एवं बैल के अंगों का वर्णन कीजिए।
5. अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्रों के नाम लिखिए।
6. मछलियों की विशेषताएं बताइए मृगल, ग्रास कर्क, कतला, रोहू।
7. भेड़ एवं बकरी में अंतर स्पष्ट कीजिए।
8. सूअर के विदेशी नस्ल कौन-कौन से हैं? समझाइए।
9. पशुपालन का भारतीय अर्थव्यवस्था में लाभ बताइए।
10. डेरी उद्योग की समस्या को बताइए।
11. पशुओं में होने वाली बीमारियों का वर्णन कीजिए।
12. पनीर और रबड़ी बनाने की विधि को समझाइए।
13. दूध पश्चुरी करण को समझाइए।
14. दूध मानकीकरण को समझाइए।
15. सिंग रोधन किसे कहते हैं?
16. नर बटेर और मादा बटेर में अंतर स्पष्ट कीजिए।
17. गाय के श्वसन तंत्र को नामांकित चित्र सहित वर्णन कीजिए।
18. गाय मादा जनन अंग को चित्र सहित समझाइए।
19. विशेषता बताइए गद्दी बकरी, कश्मीरी बकरी ,बरबरी बकरी ।
20. पशुपालन की विभिन्न शाखों को समझाइए।